
# 'पनविद्युत परियोजनाओं में नहीं बिकने देंगे हिमाचल के हित'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह** सुक्खू ने कहा है कि उनकी सरकार पन विद्युत परियोजनाओं में प्रदेश के हित नहीं बिकने देगी। प्रश्न काल के दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्व भाजपा सरकार पर पन विद्युत परियोजनाओं में प्रदेश के हित बेचने का आरोप लगाया। भाजपा विधायक सुखराम चौधरी के मूल प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार ने राज्य के हित्त बेचने का काम किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने सत्ता में आने के बाद राज्य की उर्जा नीति में आंशिक परितर्वन किया और पूर्व सरकार द्वारा पनविद्युत परियोजनाओं में खत्म कर दी गई रॉयलिटी को बहाल करने का फैंसला लिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार द्वारा इन्वेस्टर मीट में किए गए एमओयू में सतलुज जल विद्युत निगम और एनटीपीसी को दी गई धौलासिद्ध, सैंज और सुन्नी-लुहरी परियोजनाओं में रॉयालिटी



को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया था। मौजूदा सरकार ने इसे बहाल करने का फैंसला लिया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं का निर्माण कर रही कंपनियों ने बिना अनुमति के ही काम शुरू कर दिया। यही नहीं परियोजनाओं क्षेत्रों में लाडा को भी खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने सतलुज जल विद्युत निगम को बिना अनुमति काम शुरू करने को लेकर नोटिस दिया है। साथ ही रॉयलिटी बहाल करने को लेकर भी एक और नोटिस दिया गया है। इसी तरह एनटीपीसी को भी नोटिस जारी किए गए हैं। एनटीपीसी इस मुद्दे पर वार्ता के लिए तैयार हो गया है, जबकि एसजेपीएनल इस मुद्दे पर हाईकोर्ट गया और वहां से भी फैंसला सरकार के पक्ष में आया है। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों ने सरकार के आदेशों को नहीं माना तो सरकार इन्हें आंबटित परियोजनाओं को वापिस लेकर इनका स्वयं निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने सोलर व विंड पावर पॉलिसी में भी आंशिक बदलाव किया है। विधायक राजेश धमार्णी के एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति की नीति की पुनःसमीक्षा करेगी और प्रतिनियुक्ति के नाम पर इन विभागों में वर्षों से अधिकारी व कर्मचारियों को स्थानांतरित किया जाएगा।

प्रश्नकाल के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी संस्थानों को बंद करने के मुद्दे पर भी जोरदार शोरगुल हुआ। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पूर्व सरकार द्वारा खोले गए संस्थानों को बंद करने को सरकार ने तमाशा बना दिया है। उन्होंने कहा कि अभी तक सरकार ऐसे 1050 संस्थान बंद कर चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश के लिए आपदा बन गई है।

इसी मुद्दे पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दखल देते हुए कहा कि विपक्ष चाहे तो चर्चा ला सकता है और सरकार विस्तृत जवाब देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सर्वेक्षण के आधार पर संस्थान बंद किए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में सरकार जरूरत के हिसाब से और नियुक्तियां करके नए संस्थान खोलेगी न की राजनीति लाभ लेने के लिए।

अजय सोलंकी द्वारा इस संबंध में पुछे गए मूल सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि नाहन विधानसभा क्षेत्र में पूर्व सरकार द्वारा खोले गए 6 सरकारी संस्थान बंद किए गए हैं। इनमें उप-तहसील कालाअंब और पटवारवृत पालियो, अंबवाला-सेनवाला, कालाअंब, देवनी और नागली, सुकेती पटवारवृत शामिल है। विधायक केएल ठाकुर के एक सवाल के जवाब में सीएम ने कहा कि सरकार करूणामूलक आधार पर नौकरी देने के मामले का अध्ययन कर रही है और इसके लिए एक कमेटी गठित की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे पदों को भरने के लिए गंभीरत से विचार कर रही है और ऐसे मामलों में योग्यता के आधार पर रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय विभिन्न विभागों में करूणामूलक आधार पर नौकरियों के 1766 और निगम व बोर्डों में 734 मामले रद्द किए गए और पूर्व सरकार ने केवल 25 प्रतिशत मामलों में ही रोजगार दिया। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री विधायक अनिल शर्मा के एक सवाज के जवाब में कहा कि प्रदेश में आई आपदा से अकेले जलशक्ति विभाग को 2100 करोड का नुकसान हुआ है। इसमें से 600 करोड रूपए का नुकसान जलजीवन मिशन को हुआ है। उन्होंने कहा कि मंडीए कुल्लू.मनाली और नादौन के लिए एनजीटी के दखल के बाद 69 करोड रूपए की लागत से सीवरेज योजनाएं तैयार की जा रही है। इन योजनाओं पर अभी तक 35 करोड रूपए खर्च हो चुका है और जैसे-जैसे धन उपलब्ध होगा वैसे-वैसे इन योजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्राकृतिक आपदा में क्षतिग्रस्त मंडी की सीवरेज योजना को फि र से स्थापित करने के प्रयास जारी है।

# दुकान में घुसकर महिला दुकानदार से दुराचार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
उपमंडल अंब के तहत एक गांव में महिला दुकानदार के साथ दुकान में जबरन घुसकर दुष्कर्म किए जाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर उसका मेडिकल करवाने के बाद आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने और धमकी देने की आरोपी के संदर्भ में केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह कटिंग टेलरिंग की दुकान करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है। बीते शुक्रवार को गांव का आरोपी व्यक्ति जबरन उसकी दुकान में आ घुसा। दुकान में आते ही उसने पीड़िता को दबोच कर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। वही इस घटना के संबंध में किसी को बताने की सूरत में उसे और उसके परिवार को जान से मार देने की धमकी देकर आरोपी वहां से चला गया। आरोपी द्वारा दी गई धमकी के चलते पीड़िता ने अपना मुंह बंद रखा। लेकिन परिजनों के बार-बार पूछने पर उसने अपने साथ हुई पूरी घटना उन्हें बताई, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ पुलिस को शिकायत देने का फैसला लिया गया। महिला ने कहा कि आरोपी द्वारा धमकाई जाने के चलते ही उसने तत्काल पुलिस को शिकायत नहीं सौंप थी, लेकिन अब महिला ने पुलिस को शिकायत लेकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। जिसके चलते पुलिस ने केस दर्ज करते हुए महिला का मेडिकल करवाया वहीं आरोपी की धर पकड़ के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक अर्जित सेन ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस इस घटना के संबंध में प्राथमिक की दर्ज करने के बाद जांच में जुट गई है।

# सुक्खू की रीना कश्यप को मंत्री बनाने की पेशकश

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री सुखविन्द्र** सिंह सुक्खू ने सरकार की तरफ से भाजपा विधायक रीना कश्यप को मंत्री बनाने का प्रस्ताव दिया है। सुक्खू ने विधानसभा सदन में यह प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा की विधायक रीना कश्यप उनके दल में शामिल हो जाएं तो कल ही वह उन्हें मंत्री बना देंगे। क्योंकि मंत्रिमंडल में अभी जगह खाली पडी है। यह वाक्य उस वक्त का है जब सदन में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केन्द्र सरकार द्वारा लोकसभा में नारी शक्ति अधिनियम लाए जाने की जानकारी दी। इस बिल के बाद देश में महिलाओं को



लोकसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत मिलेगा। इसकी जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि सदन में एकमात्र महिला विधायक भाजपा की रीना कश्यप हैं और कांग्रेस के पास एक भी महिला विधायक नहीं है। ऐसे में यदि रीना कश्यप कांग्रेस में आ जाएं तो उनको मंत्री बना देंगे। इस पर सदन में आपदा पर चल रही चर्चा का पूरा माहौल ठहाकों में बदल गया। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी की हाल ही में हुई बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया है कि महिलाओं को लोकसभा और

**महिला आरक्षण**

**8 यदि भाजपा की विधायक रीना कश्यप उनके दल में शामिल हो जाएं तो कल ही वह उन्हें मंत्री बना देंगे**

विधानसभाओ में 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएए जिस पर केन्द्र सरकार ने लोकसभा में यह विधेयक लाया जो कई सालों से रूका हुआ था। उन्होंने सीडब्ल्यूसी में इस प्रस्ताव को पारित करने के लिए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को बधाई दी। उन्होंने लोकसभा में इस बिल को लाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में कांग्रेस ने पहले ही महिलाओं को 50 फ ीसदी आरक्षण दे रखा है। बॉक्स मोदी ने दिया महिलाओं को सम्मान विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की जो बात हम करते आए हैं उसे आज नए संसद भवन में पूरा कर दिया। उन्होंने कहा कि यह बिल लंबे समय से अटका हुआ था जिसे लोकसभा में लाकर प्रधानमंत्री ने महिलाओं को सम्मान दिया है जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि देश की 50 फ ीसदी आवादी महिलाएं हैं। ऐसे में ये बिल ऐतिहासिक है।



हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां सत्र आरम्भ होने से पूर्व कार्य सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए। बैठक में मौजूद हैं नेता प्रतिपक्ष, जयराम ठाकुर, संसदीय कार्य मंत्री, हर्ष वर्धन चौहान, समिति सदस्य सर्व विपिन सिंह परमार, राकेश जम्वाल, संजय रत्न, केएल ठाकुर तथा इन्द्र दत्त लखनपाल। बैठक सप्ताह भर चलने वाली कार्यवाही को निर्धारित करने पर आधारित थी। (छाया: चमन शर्मा)

## न्यूज फ्लैश

### आज से कालका से सोलन तक चलेगी ट्रेन

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष। विश्व धरोहर** कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर आज 20 सितंबर से दो ट्रेनें चलेगी। दूसरे चरण में ट्रेनें कालका से सोलन तक चलेगी। इससे पहले कालका से कोटी तक ट्रेन चल रही थी। लेकिन अब 70 दिन बाद यात्रियों लेकर ट्रेनें हिमाचल की ओर आएगी। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने आदेश जारी कर दिए हैं। ट्रेनों के आवागमन का समय भी निर्धारित कर दिया है। यह ट्रेनें जुलाई माह में हुई बारिश के बाद ट्रैक के खराब होने के बाद हुई थी। रेल मंडल अंबाला के सीनियर डीसीएम दीपक कुमार ने बताया कि कालका से 04506 ट्रेन सुबह 04:30 पर सोलन के लिए चलेगी। ट्रेन करीब 7:15 बजे सोलन पहुंचेगी। यह ट्रेन सोलन से सुबह 9:10 बजे चलकर 11:55 बजे कालका पहुंचेगी। जबकि दूसरी 04516 ट्रेन 12:10 बजे कालका से चलेगी और दोपहर 2:55 बजे सोलन पहुंचेगी। ट्रेन शाम को 5 बजे सोलन से चलकर शाम को 7:45 बजे कालका पहुंचेगी।

### विधानसभा के बाहर गरजे जिला परिषद कर्मचारी, सरकार को याद दिलाया वादा, विभाग में मर्ज करने की दोहराई मांग

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। हिमाचल प्रदेश** के जिला परिषद केडर कर्मचारियों और अधिकारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आज शिमला में विधानसभा का घेराव किया और कांग्रेस सरकार को चुनावों से पहले किए गए वादे की याद दिलाई। जिला परिषद् कर्मचारी और अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि जिला परिषद् कर्मचारियों और अधिकारियों को संशोधित वेतनमान के लाभ से वंचित कर दिया गया है।

### बंगाणा में हुडदंग मचाने पर युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। बंगाणा बाजार** में हटवाणा के 30 वर्षीय युवक द्वारा हुडदंग मचाने पर जेल की हवा खानी पड़ी है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात्रि को बोबी मनकोटिया निवासी हटवाणा ने शराब पीकर बंगाणा बाजार में हुडदंग मचा रहा था। शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हिरासत में लेकर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी हेडक्टर्वाटर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर अगामी कार्रवाई अमल में लाई है।

# टौणी देवी में डीसीडीपी के तहत डाक मेले का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
**डाक विभाग** द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं को आम लोगों तक पंहुचाने के लिए मंदिर परिसर टौणी देवी में डाक क युनिटी विकास कार्यक्रम डीसीडीपी के तहत पहले मेले का आयोजन किया गया। डाकघर की बचत योजनाओं को जन जन तक पंहुचा, जिसमें विभाग के कर्मियों के साथ ही अभिकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान डाक विभाग हमीरपुर के निरीक्षक संजीव कुमार ठाकुर व विकास अधिकारी पीएलआई उदय पठानिया ने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी



दी। उन्होंने बचत बैंक के साथ ही योजना खाते, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, आईपीपीबी, मनरेगा खाते, किसान स मान निधि खाते व डाक सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डाक विभाग बैकिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है तथा आगामी दिनों इसमें और विस्तार होगा।

**लोगों के लिए आकर्षक बैकिंग सेवाएं की जा रही प्रदान**

डाक विभाग पर लोगों का वर्षो पर विश्वास है तथा इसे आगामी समय में भी इसी तरह से कायम रखा जाएगा। इसमें सभी लोगों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक बचत निवेश डाकघरों के माध्यम से करने का आह्वान किया। उन्होंने विभागिय कर्मियों से आग्रह किया कि वह ग्राम सभाओं में जाकर इनका पंचायतों में प्रचार प्रसार भी करें। इस दौरान बारीं पंचायत के प्रधान रविंद्र ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि डाक प्रणाली लगभग 150 वर्ष पुरानी है तथा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को अपनी योजनाओं का व्यापक प्रचार करना चाहिए। जिससे अधिक से अधिक लोग डाकघर की योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि डाक कर्मियों को बेहतर सेवाएं देकर मार्केटिंग का काम भी करना चाहिए। डाक विभाग की बचत योजनाओं को उन्होंने और सरल बनाने का सुझाव भी दिया। इस दौरान विभाग के अधिकारी अजीत कुमार, विजय कुमार, सुनील कुमार जंबाल, पूर्व प्रधान जगदीश चौहान व पुन्नू राम सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस हिरासत से भागने के लिए उद्घोषित अपराधी ने कोर्ट भवन से लगाई छलांग

शिमला। शिमला की जिला अदालत में एक उद्घोषित अपराधी ने भागने की कोशिश की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंजाब के लुधियाना निवासी सिद्धार्थ एक मामले में उद्घोषित अपराधी था। पुलिस के पी.ओ. सैल ने हाल ही में उसे गिरफ्तार किया था। सोमवार को उसे चक्कर स्थित जिला अदालत में मेजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के लिए लाया गया था। इसी बीच उसने अदालत परिसर में छलांग लगाकर पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई के कारण वह अपनी योजना में सफल नहीं हो

# पंजाबी श्रद्धालु की गाड़ी पर गिरा ल्हासा, धूं-धूं कर जली कार

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**
**पंजाब कपूरथला** से मां चिंतपूर्णी के दर्शन को जा रहे पंजाब के एक श्रद्धालु पर सिद्ध चलेहड़ में ल्हासा गिर गया। हादसे में श्रद्धालु तो बच गया, लेकिन कार धूं-धूं के जल उठी। सडक के बीचो-बीच गाड़ी को लगी आग को देखते हुए दोनों ओर जाम लग गया। चिंतपूर्णी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जाम को खुलवाया और पंजाबी श्रद्धालु के ब्यान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक राजेश कुमार निवासी कपूरथलां, पंजाब



मंगलवार सुबह मां चिंतपूर्णी मंदिर माथा टेकने जा रहा था। भरवाई रोड़ पर पेड़ गिरने के कारण राजेश कुमार ने गाड़ी वापिस मुबारिकपुर की ओर मोड़ ली। सिद्ध चलेहड़ पहुंचने पर गाड़ी के ऊपर अचानक ल्हासा गिर गया। जिसके बाद राजेश कुमार गाड़ी से बाहर निकल गया। गाड़ी से बाहर निकलते ही अचानक की आग भडक उठी। सडक के बीच गाड़ी में लगी आग को लेकर दोनों ओर जाम लग गया। सूचना मिलने के बाद चिंतपूर्णी पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलावाया। साथ ही बचाव कार्य में जुट गई। डीएसपी अंब वसूधा सूद ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

# गुरदीप व जिया ने चमकाया वीपीएस का नाम

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**
**वशिष्ट पब्लिक** स्कूल बहडाला के कक्षा 9वीं के छात्र गुरदीप सिंह तथा कक्षा दसवीं की छात्रा जिया ठाकुर हिमाचल प्रदेश इंटर स्कूल 25 मीटर शूटिंग इवेंट चैंपियनशिप के विजेता रहे। अब ये दोनों ऑल इंडिया इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि वशिष्ट पब्लिक स्कूल के लिए बड़े गर्व की बात है कि स्कूल के छात्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल का नाम



रोशन कर रहे हैं। यह बच्चों की मेहनत और लगन का परिणाम है। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ठ ने जिया ठाकुर तथा गुरदीप सिंह और उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# देव कमरूनाग टैक्सी यूनियन गोहर ने एसडीएम गोहर से मिल सौंपा मांगपत्र

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**
देव कमरूनाग टैक्सी यूनियन गोहर ने आज उपमंडलाधिकारी नागरिक गोहर के कार्यालय में जाकर उपमंडलाधिकारी नागरिक गोहर लक्ष्मण सिंह कनैत से मुलाकात की और एक मांग पत्र सौंपा। प्रधान देव कमरूनाग टैक्सी यूनियन गोहर मुरारी लाल आचार्य ने बताया आज यूनियन की पूरी कार्यकारिणी उपमंडलाधिकारी गोहर से मिली और उन्हें सम्मानित किया। यूनियन के सदस्यों ने गोहर में यूनियन के कार्यालय के लिए जगह उपलब्ध करवाने की मांग रखी। यूनियन सदस्यों ने उपमंडलाधिकारी नागरिक गोहर से



मेले के दौरान निजी गाडि?ों में यात्री ढोने पर भी कड़ी कार्यवाही करने की मांग रखी है। टैक्सी चालकों का कहना है इस प्रकार निजी वाहन चालक सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का चूना लगाते हैं। टैक्सी वालों ने तो हर प्रकार के टैक्स अदा किए होते हैं मगर निजी गाड़ी चालक मेले के दौरान सवारियां ढोकर सरकार को हजार रुपए का राजस्व का चूना लगाते हैं। इसलिए प्रशासन ऐसे निजी चालकों पर कड़ी नजर रखें ताकि टैक्सी चालकों को किसी प्रकार का नुकसान न सहना पड़े। टैक्सी यूनियन गोहर के सदस्यों ने मेला के दौरान पशुओं को छोड? पर भी चिंता व्यक्त की है। इन लोगों ने प्रशासन से मांग की है की मेला के दौरान कुछ घटिया मानसिकता वाले लोग मेले की आड़ में अपने नकारा हो चुके पशुओं को आवारा छोड़ जाते हैं । जो मेला के बाद लोगों के लिए किसानों के लिए खासी समस्या पैदा करते हैं इसलिए ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

# 44 मामलों पर कार्रवाई करके 16.83 लाख कर वसूला

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
**राज्य कर व** आबकारी विभाग ऊना द्वारा आगामी त्यौहारी सीजन के मद्देनजर जिला में दिन-रात चैंकिंग की जा रही है। यह जानकारी देते हुए उप आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी विनोद सिंह डोगरा ने बताया कि चैकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए 44 मामले चोरी के पकड़े गए, जिससे 16 लाख 83 हजार 387 रुपए कर के रूप में वसूले गए। इसमें 11 मामले सोना-चांदी की चोरी के थे। विनोद सिंह डोगरा ने बताया कि विभाग द्वारा गगरेट बाजार में स्थित दो स्वर्णकारों की दुकानों पर दबिश देकर स्टॉक व रिकॉड सहित उनके बैंक खातों की स्टेटमेंटस को भी जांचा। उन्होंने बताया कि एक स्वर्णकार के लॉकर में से भारी मात्रा में सोना मिला है, जिसका मौके पर कोई भी वैध दस्तावेज नहीं मिला। इसके लिए विभाग द्वारा वस्तु एवं सेवा कर/जीएसटी नियमों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसके अतिरिक्त सितंबर माह में विभाग द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जिला में अवैध शराब के 2 मामलें पकड़े गए, जिसमें 324 बल्क लीटर शराब जब्त की गई। उन्होंने बताया कि गगरेट क्षेत्र के एक बार के स्टॉक व रिकॉर्ड की जांच भी की गई। यह बार एनडीपीएस अधिनियम के तहत आरोपित व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा था। बार लाईसेंस उक्त आरोपित व्यक्ति के निकट रिश्तेदार के नाम पर है। इस दौरान वहां पर बिना आबकारी परमिट के शराब बरामद की गई, जिसके उपरांत शराब को मौके पर ही सील कर दिया गया तथा बार लाईसेंस को रद्द करने के लिए मामला समाहर्ता पालमपुर को भेज दिया गया है।

# सीएचसी दाड़लाघाट प्रथम जनवरी 2024 से होगा क्रियाशील : डॉ. शांडिल

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**स्वास्थ्य एवं परिवार** कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रथम जनवरी, 2024 से सोलन जिला के अर्की उपमण्डल के दाड़लाघाट में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को पूर्ण रूप से क्रियाशील कर दिया जाएगा। डॉ. शांडिल गत सांय अर्की में आयोजित राज्य स्तरीय सायर उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में जनसमूह को मुख्यातिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने अर्की विधानसभा



क्षेत्र के घनागुघाट में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण के लिए 1.95 करोड़ रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस भवन का निर्माण कार्य शीघ्र आरम्भ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बागा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण का कार्य औपचारिकताएं पूर्ण करने पर आरम्भ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस भवन निर्माण का प्राकलन प्राप्त होते ही धनराशि उपलब्ध करवा दी जाएगी।स्वास्थ्य मंत्री ने सभी को सायरोत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी परम्पराओं, संस्कृति और रीति-रिवाजों को जीवंत रखने में मेले अहम भूमिका निभाते हैं। मेलों के माध्यम से जहां लोगों में मेलजोल बढ़ता है वहीं युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से रू-ब-रू होने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्ध संस्कृति हमारी पहचान है, जिसे भावी पीढ़ी को संजोए रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि मेलों के माध्यम से पारम्परिक खेलों को भी बढ़ावा मिलता है। कुश्ती जैसे खेल जहां युवाओं में ऊर्जा का संचार करते है वहीं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ाते है। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर युवाओं से आग्रह किया कि नशे से दूर रहें और देश के विकास को आगे बढ़ाने में सक्रिया योगदान दें। मुख्य संसदीय सचिव लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग संजय अवस्थी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। उन्होंने अर्की विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. शांडिल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक आदर्श अस्पताल स्थापित करने की दिशा में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सडक, शिक्षा,स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को जन सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 23 से 25 अक्तूबर तक आयोजित होगा जिला स्तरीय सुन्नी दशहरा मेला

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**उपमंडल दण्डाधिकारी** शिमला ग्रामीण निशांत कुमार की अध्यक्षता में गत दिवस को जिला स्तरीय सुन्नी दशहरा उत्सव की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिला स्तरीय सुन्नी दशहरा मेला 23 से 25 अक्टूबर, 2023 तक बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 23 अक्टूबर को सुन्नी में देवताओं का आगमन होगा तथा 24 और 25 अक्टूबर को उत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि मेला के आयोजन के लिए सभी विभागीय अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि जिला स्तरीय मेला का सफ ल आयोजन हो सके। उन्होंने अधिकारीयों को मेला के दौरान आये देवताओं और उनके साथ आये लोगों के ठहरने का उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए ताकि इस दौरान किसी को भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मेला के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियां भी लगायी जाएँगी ताकि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं जानकारी लोगों को उपलब्ध हो सके। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खंड विकास अधिकारियों को बनाया गया पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने पंचायती राज संस्थाओं की जिन पंचायतों में 15 सितंबर, 2023 तक किसी कारण से आकस्मिक रिक्तिया हुई हैं के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूचियों का विशेष पुनर्निरीक्षण के लिए खंड विकास अधिकारियों को पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी नियुक्त किया है। इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी करते हुए उन्होंने बताया कि पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी बनाए गए विकास खण्ड अधिकारी रिक्त हुए पदों के निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों में विशेष पुनर्निरीक्षण करवाने हेतू निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली संबंधी दावों और आक्षेपों की सुनवाई करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि 15 सितम्बर, 2023 तक जिला में विकास खंड बालीचौकी की ग्राम पंचायत पाली और घाट, सदर की ग्राम पंचायत टिहरी, बीर और सदयाणा, धर्मपुर की कोट, सराज की सुनाह लम्बाथाच, थुनाग और छतरी, धनोटु की ग्राम पंचायत शाली, स्यांजी-कोठी और डुगराईं, करसोग की चौरीधार और लोअर करसोग, द्रंग की बरोट, बल्ह की रिगड़ और सिध्याणी, गोपालपुर की बाग, थौना और समैला, सुन्दरनगर की जाम्बला और गोहर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत बासा में रिक्तियां हुई हैं।

## स्वां नदी में फंसा व्यक्ति, चार घंटे में किया रेस्क्यू

ऊना। भारी बारिश के चलते उफान पर आई स्वां नदी में फंसे व्यक्ति को करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर लिया गया। भारी बरसात के कारण स्वा नदी में आई बाढ़ में फंसे उपमंडल अम्ब के अंदोरा लोअर गांव के केवल कृष्ण की हिम्मत जब जबाब देने लगी तो गगरेट पुलिस थाना के जांबाज जवान व अग्निशमन कर्मी उफनती नदी में फरिश्ता बनकर उस तक पहुंचे और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सुबह केवल कृष्ण अपने बेटे अमित के साथ ट्रैक्टर पर स्वा नदी पार कर रहा था तो अचानक नदी में पानी बढ़ जाने से ट्रैक्टर बहने लगा। जिस पर अमित ने छलांग लगा दी

## आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के निर्मा[]कार्यों में लाई जाए तेजी: अपूर्व देवगन

### कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में बढ़ाई जाए जागरूकता गतिविधियां

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**उपायुक्त अपूर्व** देवगन ने जिला में महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से कार्यान्वित किए जा रहे विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में समन्वित प्रयासों की आवश्यकता जताई है। उपायुक्त ने जिला स्तर पर कार्यान्वित किए जा रहे विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों के तहत प्रगति की समीक्षा की। आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण को लेकर प्रगति की समीक्षा करते हुए अपूर्व देवगन ने असंतोष जाहिर करते हुए




विभागीय अधिकारियों को प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने निर्माण प्रक्रिया में तेजी लाने को लेकर उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण को खंड विकास अधिकारियों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के निर्देश भी दिए। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि विगत समय के दौरान लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर उपायुक्त ने विशेषकर कम लिंगानुपात वाली ग्राम पंचायतों में जानकारी एवं जागरूकता से संबंधित गतिविधियों को और अधिक बढ़ाने के निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने किशोरियों में व्यक्तिगत स्वच्छता से संबंधित जागरूकता गतिविधियों को और अधिक बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य योजना तैयार करने को भी कहा। इस दौरान पोषण अभियान, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, बेटी है अनमोल योजना, मदर टेरेसा असहाय संबल योजना,सखी वन स्टॉप सेंटर, विधवा पुनर्विवाह योजना व प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा भी की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। उपायुक्त ने बैठक में अनुपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी भरमौर तथा पांगी पर भी कड़ा संज्ञान लिया।

## 'ग्रामीण विकास मंत्री 20 सितम्बर को करेंगे नाबार्ड उड़ान मेला का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**ग्रामीण विकास** एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 20 सितंबर, 2023 को दोपहर 1:15 बजे रिज मैदान स्थित पदमदेव कॉम्प्लेक्स में नाबार्ड उड़ान मेला 2023 का शुभारम्भ करेंगे। यह मेला नाबार्ड द्वारा 20 से 22 सितंबर तक पदमदेव कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जा रहा है। नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक विवेक आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि नाबार्ड द्वारा प्रायोजित मेलो का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों और किसान उत्पादक संगठनों को प्रोत्साहित करना



और उन्हें अपनी कलाकृतियों और अपने उत्पाद बेचने के लिए एक मंच देना है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में बहुत से कलाकार हैं जो अपने कामों को प्रदर्शित करने के लिए संघर्ष करते हैं और नाबार्ड उन्हें वह अवसर प्रदान करने की कोशिश करता है।

## चंबा के विधायक नीरज नैयर की माता का निधन, चंडीगढ़ में ली आखिरी सांस

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**पूर्व शिक्षा** मंत्री स्वर्गीय सगरचंद नैयर की पत्नी तथा वर्तमान में चंबा के विधायक नीरज नैयर की माता चंचल नैयर का निधन हो गया है। वह चंडीगढ़ में उपचार दिन थी जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को चंबा लाया जा रहा है तथा बुधवार को उनका अंतिम संस्कार होगा। जानकारी के अनुसार बीते कुछ समय से वह बीमार चल रही थी तथा लंबी बीमारी के बाद उनका देहांत हुआ है। बीते कुछ दिनों से उनका उपचार चंडीगढ़ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था जहां वह दाखिल हुई थी। उनका पार्थिव शरीर चंबा लाया



जा रहा है जहां मोहल्ला जुलाहकड़ी उनके निवास स्थान पर आखिरी दर्शनों के लिए रखा जाएगा। जैसे ही उनके निधन का समाचार मिला चंबा शहर में शोक की लहर फैल गई। कारण यह था कि अपने स्वर्गीय पति पूर्व शिक्षा मंत्री सागर चंद नैयर से लेकर अपने पुत्र नीरज नैयर को राजनीति की ऊंचाइयों तक पहुंचने में उनका बहुत बड़ा हाथ रहा है। वह एक बार नगर परिषद में पार्षद भी चुनाव जीतकर बनी। समाज सेवा में उनके योगदान को याद किया जाएगा। चंचल नैयर के निधन पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, मंडी की संसद एवं पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह परिवहन एवं जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विधायक डीएस ठाकुर, पूर्व मंत्री आशा कुमारी, पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी, पूर्व विधायक रेणु चड्ढा, ब्लॉक कांग्रेस चंबा के अध्यक्ष करतार सिंहए पूर्व भाजपा सचिव जयसिंह ने दुख प्रकट किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत समिति टूटू के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का नाम व पता सर्वसाधारण के लिए किया अधिसूचित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत, शिमला, आदित्य नेगी ने जिला शिमला की पंचायत समिति टूटू के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का नाम और पता सर्वसाधारण की जानकारी हेतु अधिसूचित किया है। अधिसूचना के अनुसार नवनिर्वाचित अध्यक्ष का नाम सरोज शर्मा, पत्नी युवराज है और वह ग्राम व डाकघर पाहल, उप तहसील धामी,जिला शिमला 171007 की रहने वाली हैं। उल्लेखनीय है कि पंचायत समिति टूटू के अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के कारण रिक्त हुए पद को भरने हेतु दिनांक 18 सितम्बर 2023 को उप-चुनाव संपन्न हुए हैं। निर्वाचित हुए अध्यक्ष का परिणाम पीठासीन अधिकारी से हिमाचल प्रदेश पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के नियम 85 व 86 के प्रावधानुसार प्रारूप-42 पर प्रकाशित किया जा चुका है।

### पांवटा डिग्री कॉलेज में चली तलवारों से छात्रों पर किया हमला, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ।** डिग्री कॉलेज पांवटा साहिब में सोमवार दोपहर कॉलेज परिसर में दो अज्ञात नकाबपोशों ने छात्रों पर हमला कर घायल कर दिया। शुरूआती जानकारी के अनुसार हमले में डंडों, कृपाण व पंच का इस्तेमाल किया गया। हमलावर नकाब



पहने हुए थे, जिसके चलते शाम तक उनकी शिनाख्त नहीं हो पाई। हमले की इस घटना से कॉलेज परिसर में खासा तनाव का माहौल पैदा हो गया। ऐसा भी माना जा रहा है कि हमलावर कॉलेज परिसर में दोपहिया वाहन पर सवार होकर पहुंचे थे। घायलों में एक छात्र एमकॉम की पढ़ाई कर रहा है, जबकि दूसरा एमए प्रथम वर्ष का छात्र है। वारदात के तुरंत बाद ही पुलिस ने कॉलेज परिसर में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती कर दी गई, ताकि छात्रों में पनपे तनाव को समाप्त किया जा सके। पुलिस द्वारा सीसी टीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। उधर पांवटा साहिब के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि मामले में जांच जारी है, घायल छात्रों की हालत स्थिर है। फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### जोगिंद्रनगर से बद्दी के लिए चलाई शीघ्र चलाई जाएगी बस सेवा :पंकज चढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय। हिमाचल पथ** परिवहन निगम धर्मशाला के मंडलीय प्रबंधक पंकज चढ़ा ने आज जोगिंद्र नगर बस स्टैंड व डिपो की वर्कशॉप का दौरा कर हालात व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चड्ढा ने जानकारी देते हुए बताया कि जोगिंद्रनगर से बद्दी के लिए सीधी बस सेवा चलाई जाने के प्रयास किए जाएंगे ताकि यहां से बद्दी जाने वाले छात्रों व कामगारों को सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि जोगिंद्रनगर से शाम 7 बजे दिल्ली चलने वाली एसी बस सेवा जो पिछले कई दिनों से बंद पड़ी है उसे भी बहाल किया जाएगा। पंकज चड्ढा ने बताया कि पिछले कई दिनों से जोगिंद्रनगर बस स्टैंड पर टायर रिपेयर का काम किया जा रहा है इसे शीघ्र ही वर्कशाप में शिफ्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए कुछ औपचारिकताएं रह गई हैं जिन्हें शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड जोगिंद्रनगर बस स्टैंड में अनाउंसमेंट सिस्टम में जो खराबी है उसे बदलकर नया लगाया जाएगा। उन्होंने निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को तमाम व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।

### झूठी सरकार को 25 सितंबर को घेरेगी भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। भाजपा प्रदेश** मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा की कांग्रेस की छल और कपट की राजनीति के खिलाफ भाजपा 25 सितंबर को विधान सभा शिमला का घेराव करने जा रही है। यह निर्णय भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कल लिया। कांग्रेस पार्टी के नेता आपदा में राजनीति कर रहे है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा की कांग्रेस सरकार को हिमाचल प्रदेश में स्थापित हुए 10 महीने हो चुके हैं और जब से कांग्रेस की सरकार हिमाचल प्रदेश में आई है तब से 1000 से अधिक सरकारी संस्थान बंद कर चुकी है, जिसका वह आज तक जवाब नहीं दे पाए। भारतीय जनता पार्टी ने डीजल पर 7 रु की कटौती की थी, पर आते ही इस कांग्रेस सरकार ने इसको बड़ा दिया। बिजली, राशन, तेल महंगा कर महंगाई की मार से हिमाचल प्रदेश की जनता की कमर को तोड़ दिया। आपदा प्रबंधन की दृष्टि से यह सरकार पूरी तरह फेल साबित हुई है, आपसी विरोधाभास के चलते हिमाचल प्रदेश की जनता प्रभावित हुई है। आपदा राहत राशि में मेरा तेरा का राग गा कर, भाई भतीजावाद इस सरकार ने फैलाया है, जब से यह सरकार आई है तब से कानून व्यवस्था ताड़ ताड़ हो गई है। चंबा हत्याकांड अभी तक लोग भूल नहीं पाए है और हिमाचल प्रदेश के कोने कोने से कानून व्यवस्था बिगडने के कई उदाहरण सामने आए है। अब तो मुख्यमंत्री के गृह जिला में एक बहन का मुंह काला कर, बाल काट कर गांव में घुमा दिया यह, दुर्भाग्यपूर्ण घटना है।

### "इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत नाहन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आरम्भ'

**नाहन। सिरमौर जिला** मुख्यालय नाहन में प्रदेश के अन्य नगरों की भांति 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर 2023 तक इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जहां नगर के समस्त वार्डों में स्वच्छता कार्य किया जायेगा। वहीं पर शहर के ऐतिहासिक एवं धरोहर स्थलों में भी सन 1621 में सिरमौर रियासत के मुख्यालय के रूप में स्थापित नाहन नगर के लिए यह स्वच्छता पखवाड़ा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि नाहन की नगर की म्यूनिसिपलटी को कोलकता के बाद देश की दूसरी सबसे पुरानी म्यूनिसिपलटी होने का दर्जा प्राप्त है। नाहन नगर परिषद की स्थापना सन 1868 में हुई थी। इस स्वच्छता अभियान के तहत जहां नाहन नगर परिषद के 13 वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा वहीं नाहन शहर के ऐतिहासिक तालाब, वावड़ी जलस्त्रोतों, ऐतिहासिक एवं धरोहर स्थलों को भी स्वच्छ बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव तक कमर कस लें भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता : देशराज शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**भारतीय जनता** पार्टी जिला हमीरपुर की बैठक गत दिवस को जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस में जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर जानकारी दी एवं चर्चा की। इस दौरान चर्चा में बूथ सशक्तिकरण, आयुष्मान कार्ड योजना, मन की बात, दीनदयाल उपाध्याय जयंती व 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान को लेकर विशेष रूप से दिशा निर्देश



दिए गए व सभी भाजपा मंडलों के अध्यक्षों को 25 सितंबर को शिमला में होने जा रहे प्रदेश विधानसभा घेराव के लिए सभी मंडलों को 250-250 भाजपा कार्यकताओं को शिमला ले जाने पर चर्चा की।

**हमीरपुर जिला भाजपा ने किया मंथन**

साथ ही उन्होंने सभी भाजपा मंडलों को आदेश दिए कि दो दिनों में सभी मंडल अध्यक्ष सूची बनाकर जिला अध्यक्ष को पहुंचाएं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मंडल अध्यक्ष व जिला के पदाधिकारी आगामी लोकसभा चुनावों तक अपने अपने क्षेत्रों में कमर कस लें और केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि भाजपा का मिशन रिपीट सफल हो सके। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बूथ स्तर से पार्टी को सुदृढ़ करने पर जोर दें, ताकि आगामी चुनावों के समय किसका लाभ भाजपा को मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में देश को एक सशक्त नेतृत्व मिला है एवं भाजपा ने लगातार दो बार केंद्र में सरकार बनाई है। इन 10 सालों में केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं जनकल्याण हेतु लाई गई हैं। समस्त भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इन योजनाओं का प्रचार प्रसार आम जनता के बीच करें, ताकि जनता में जागरूकता आ सके। उन्होंने कहा कि इस बार नरेंद्र मोदी को पहले से भी ज्यादा बहुमत से सत्ता में वापस लाना है।

## गणपति बप्पा मोरया की जोगिंद्रनगर में धूम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय**

**गणेश चतुर्थी** के अवसर पर जोगिंद्र नगर शहर में गणपति की धूम रही। शहर में तीन जबरदस्त सजाए गए पंडालों में विराजमान होंगे गणपति बप्पा मोरया। इस अवसर पर तमाम गणेश उत्सव की समितियां ने गणपति बाप्पा की झांकियां निकाल कर शहर की परिक्रमा की। इन झांकियां में हजारों लोगों ने भाग लिया। इसके उपरांत अपने-अपने पंडालून में 7 दिन के लिए गणपति बप्पा विराजमान होंग। गणपति उत्सव के प्रबंधकों द्वारा हर शाम आरती व



उसके उपरांत भजन संध्याओं का आयोजन होगा जिसमें कई नामी कलाकार लोगों का मनोरंजन करेंगे। गणपति उत्सव को लेकर शहर के लोगों में भी भारी उत्साह देखने को मिला क्योंकि लंबी बरसात से कई आपदाओं से लोगों का जन जीवन प्रभावित हुआ है लोग अब गणपति बप्पा के दरबार में सुख शांति की अरदास करेंगे।

**परिक्रमा**

**8 तमाम गणेश उत्सव की समितियां ने गणपति बाप्पा की झांकियां निकाल कर शहर की परिक्रमा की**

facebook.com/actionindialive twitter.com/actionindianews



youtube.com/actionindiatv
ACTION INDIA
ऊना, 20 सितंबर 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# आपदा प्रभावितों के लिए किया जाए शेड निर्माण

## मकान के बदले मकान और जमीन के बदले दी जाए जमीन

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**सरकाघाट विधानसभा** क्षेत्र की ग्राम पंचायत पटडीघाट के आपदा प्रभावित गांव ज्वाली का एक प्रतिनिधि मंडल विधि चंद की अगुवाई में जिला उपायुक्त अरिंदम चौधरी से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आपदा प्रभावित प्रतिनिधि मंडल ने जिला उपायुक्त से मांग की है कि ग्राम पंचायत पटडीघाट के ज्वाली वार्ड में गत दिन पहले हुई त्रासदी के बाद अब ज्वाली वार्ड को असुरक्षित घोषित किया जाए। ग्राम पंचायत



पटडीघाट के प्रधान विधि चंद ने कहा कि ज्वाली वार्ड में भूस्खलन व भारी बारिश से भूमि में जगह-जगह दरारें आ चुकी है और बहुत से गरीब परिवारों के मकान जमींदोज भी हो चुके हैं।उन्होंने कहा कि ज्वाली वार्ड एक और वार्ड दो में जितने भी मकान बचे हैं उनमें दरारें आ चुकी है और इन मकानों में रहना खतरे से खाली नहीं है।वहीं आपदा प्रभावित लोगों ने कहा कि भारी बारिश से हुए भूस्खलन से उनके मकान और जमीन पूरी तरह से जमींदोज हो चुके हैं और उन्हें फिलहाल पटडीघाट स्कूल में ठहराया गया हैं जहां अब बच्चों के स्कूल शुरू हो गए हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई भी अवरुद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक सरकार और जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रभावितों को दस हजार रुपए की राशि ही उपलब्ध करवाई गई है जबकि सरकार द्वारा जिन प्रभावितों के पूरे मकान चले गए हैं उन्हें एक लाख रुपए देने की घोषणा की थी।उन्होंने कहा कि फिलहाल आपदा प्रभावितों के लिए शेड का निर्माण किया जाए ताकि स्कूल में बच्चों की पढ़ाई भी अवरुद्ध न हो और स्कूल में ठहरा, गए बुजुर्गो को भी राहत मिल सके।

प्रतिनिधि मंडल ने जिला उपायुक्त से मांग की है कि लोगों को पुनः मकान निर्माण के लिए सुरक्षित वन भूमि या सरकारी भूमि के साथ जमीन का तबादला या मकान निर्माण के लिए प्रभावित परिवारों को भूमि स्वीकृत की जाए।

# महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह को लेकर बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**गत दिवस को** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह के आयोजन के लिए की जाने वाली तैयारियों के संबंध में गत दिवस को बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने की।उन्होंने विभिन्न विभागों को कार्यक्रम की सफ लता के लिए समन्वय स्थापित करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 02 अक्टूबर को कार्यक्रम प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी से आरम्भ होगा और उसके उपरांत 9 बजे रिज मैदान स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं 9:30 पर लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम तथा भजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी के शिमला आगमन के संबंध में छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी कार्यक्रम स्थल पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रभात फेरी में विभिन्न समुदायों व संस्थाओं की भागीदारी रहेगी। इसके अतिरिक्त, आईटीआई शिमला के छात्र और नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक भी इस समारोह में भाग लेंगे। बैठक में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ज्योति राणा, सहायक आयुक्त डॉ पूनम बंसल, संयुक्त आयुक्त नगर निगम शिमला डॉ भुवन शर्मा, सहित आदि उपस्थित रहे।

# कालका- सोलन के बीच 20 सितम्बर को बहाल होगी कालका-शिमला रेल सेवा



**टीम एक्शन इंडिया/सोलन**

भारी बरसात के चलते इस वर्ष जुलाई माह में कालका-शिमला हेरिटेज रेल ट्रैक पर जगह-जगह मलबा गिरने से रेल यातायात ठप्प पड़ गया था । जिसे रेलवे विभाग ने कड़ी मशक्कत से दो माह में दुरुस्त किया है । लेकिन अभी भी केवल सोलन तक के रेल मार्ग से मलबा हटाया गया तथा गिर चुके डंगों को दुरुस्त किया गया है । जबकि शिमला तक के मार्ग में अभी भी रेल यातायात चलाया नहीं जा सकता है । क्योंकि समर हिल नामक स्थान पर रेल ट्रैक की मिट्टी खिसकने से कुछ मीटर रेल ट्रैक हवा में लटका हुआ है। सोमवार को रेलवे के इंजीनियरिंग विंग द्वारा ट्रैक का मुआयना किया गया । जिसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी गई है। रेलवे विभाग के अधिकारियों की मानें तो 20 सितम्बर को कालका से सोलन तक ट्रेन चलाने की पूरी संभावना है। इस सूरत में सोलन और कालका के बीच लोगों को रेल गाड़ी में सफर करने का अवसर प्राप्त हो सकेगा । इस बारे सीनियर डीसीएम रेल मंडल अम्बाला, नवीन कुमार ने बताया कि माल गाड़ी के जरिये रविवार को इस ट्रेक का ट्रॉयल किया गया है, जो सफल रहा। इसकी रिपोर्ट आला अधिकारियों को सौंपी गई है। जिससे 20 सितम्बर को कालका से सोलन तक ट्रेन चलाने की पूरी संभावना जताई गई है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम को देखते हुए इसे आगामी दिनों तक टाला भी जा सकता है।

# माता नैना उग्रतारा तरनोह के मंदिर में आयोजित की गई जाग

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**कोटली उपमंडल** के तरनोह भलावाट में माता नैना उग्रतारा के मंदिर में जाग का आयोजन किया गया। माता के मंदिर में शाम को श्रद्धालुओं द्वारा जहां भजन कीर्तन किया गया वहीं रात के 12 बजे शह लगाई गई। मंदिर में विभिन्न भजन मंडलियों ने ऐसा समा बांधा की श्रद्धालु झूमने पर विवश हो गए। मंदिर से रात 11 बजे माता के गुर कुशमेध शर्मा और पुजारी शिवम, राजकुमार शर्मा देव वाद्य यंत्रों की धुन में माता के रथ के साथ मंदिर से बाहर निकले। मंदिर के प्रांगण में माता ने अपने रथ के माध्यम से श्रद्धालुओं के साथ पहले नृत्य



किया तथा अपने मूल स्थान पर जा पहुंची। उसके बाद जहां प्रांगण में होम के लिए अग्नि प्रज्वलित की गई थी उसमें माता के गुर कुसमेध शर्मा ने प्रवेश किया और अपनी अग्नि परीक्षा पास की। अग्नि परीक्षा पास करने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को अपनी देववाणी के माध्यम से बताया कि इस मर्तबा आसुरी शक्तियों पर देवगन भारी पड़े। यही नहीं देवता आसुरी शक्तियों से सिख पाठा लाने में भी कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि आसुरी शक्तियों ने हिमाचल प्रदेश में करीब दो दर्जन जीवन को अपना कल का ग्रास बनाया, तो वहीं कई जीवों पर अपनी छाया भी डाली। माता नैना उग्रतारा के गुरु ने बताया कि वह अपने क्षेत्र की सुरक्षा करने में सक्षम है तथा अपने क्षेत्र की तमाम यधि, व्याधि और तमाम आपदाओं को टाला जाएगा। उन्होंने बताया कि जब माता प्रकट हुई थी तो उसके बाद इस क्षेत्र में कोई भी ऐसी आपदा नहीं आने दी जिसका लोगों को भय रहता था। माता के दरबार में जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मन्नत मांगता है उसकी हर मन्नत पूरी होती है।



संसदीय प्रणाली जानने के लिए सदन की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, हरिदेवी के छात्र-छात्राएं हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां के साथ मुलाकात करने के बाद एक सामूहिक चित्र में।(छाया: चमन शर्मा)

# अब कामधेनु कॉरपोरेट सोसाइटी संभालेगी शहर के पार्कों की व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/ मनीष**

**सोलन शहर** में बने पार्कों का जीर्णोद्धार करने के लिए नगर निगम सोलन ने कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए शहर के सभी पार्कों में जल्द ही वॉल पेंटिंग और फाइन आर्ट्स करवाई जाएगी। इसके लिए निगम स्कूल और कॉलेज के बच्चों को आमंत्रित करेगा और हिमाचली संस्कृति, भारतीय संस्कृति और स्वच्छता थीम को लेकर यहां पर पेंटिंग और स्लोगन प्रदर्शित किए जाएंगे। इसी के साथ जिन पार्कों में लैंडस्कैपिंग की जरूरत है विशेष कर चिल्ड्रन पार्क में वहां पर निगम विशेषज्ञ बुला रहा हैं और इसमें नौणी विश्वविद्यालय की भी मदद ली जा रही है क्योंकि लैंडस्कैपिंग के जरिए पार्क को और बेहतर बनाया जा सकेगा। नगर निगम सोलन के कमिश्नर जफ र इकबाल ने बताया कि नगर निगम सोलन पार्कों के जीर्णोद्धार के लिए लगातार कार्य कर रहा है और अब पार्कों में जो खाली दीवारें पड़ी है उन्हें बेहतर और सुंदर बनाने के लिए वॉल पेंटिंग और फ इन आर्ट्स करवाई जाएगी जिसमें स्कूली और कॉलेज बच्चों को बुलाया जाएगा, इसमें विभिन्न थीम रखी जाएग विशेष कर हिमाचली और भारतीय संस्कृति के साथ स्वछता थीम को बढ़ावा दिया जाएगा। इसी के साथ



पार्कों में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर हो पार्क वेल मेंटेन रहे, शौचालय की व्यवस्था यहां पर बेहतर हो, चौकीदार और मालिक का यहां पर काम हो सके इसके लिए निगम एक कॉर्पोरेट सोसाइटी कामधेनु के साथ जल्द ही एमओयू करने जा रहा है जो कि यहां पर पार्कों की मेंटेनेंस का कार्य करेगा और इसके लिए यहां पर कामधेनु को एक आउटलेट भी दिया जाएगा जहां पर वह दूध और दूध से बने उत्पादों को बेच सकेंगे। उन्होंने कहा कि पार्कों में शरारती तत्व आने से कई बार पार्कों की चीजों को तोड? का प्रयास किया जाता है और कई बार लोग यहां पर हुड़दंग भी मचाते हैं ऐसे में इन सब गतिविधियों पर भी यहां पर चौकीदार होने की वजह से अंकुश लग सकेगा वहीं पार्कों में सीसीटीवी कैमरा लगाने पर भी निगम विचार कर रहा है और इसको लेकर पुलिस विभाग से भी जल्द बैठक की जानी है।

# आपदा पर चर्चा के दौरान गरमाया माहौल, सत्तापक्ष-विपक्ष में तीखी नोक-झोंक

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला।**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन भी प्राकृतिक आपदा को लेकर सत्तापक्ष की तरफ से लाए गए संकल्प परचर्चा का क्रम जारी रहा। इस दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष के सदस्यों के बीच जहां नोंक झोक चलती रही तो वहीं सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में हुए नुकसान को उठाया। सत्ता पक्ष ने केंद्र से त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की तो वहीं विपक्ष ने प्रदेश सरकार पर आपदा से निपटने के लिए की गई तैयारियों पर सवाल उठाए तथा



केंद्र की ओर से की गई मदद का उल्लेख किया। चर्चा के दौरान हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार 26 से 28 सितम्बर के बीच आपदा प्रभावितों के लिए आपदा राहत पैकेज लाएगी। यदि आपदा प्रभावितों की मदद के लिए एम.एल.ए. फंड काटना पड़ा तो उसको भी काटेंगे। इसके लिए सरकारी स्तर पर यह अध्ययन किया जा रहा है कि किस मद से राशि को काटकर आपदा प्रभावितों की मदद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि भाजपा को हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने पर आपत्ति है। उन्होंने चर्चा के दौरान निर्दलीय विधायक होशयार सिंह की तरफ से विधायकों के स्टोन क्रशर का मामला उठाए जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यदि उनके पास विधायकों की ऐसी कोई सूची मौजूद है, तो उसको सभा पटल पर रखना चाहिए। महज सनसनी फैलाने के लिए ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री की आपत्ति के बाद विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस विषय से संबंधित शब्दों को सदन की कार्यवाही से निकालने की घोषणा की। मुख्यमंत्री सुखङ्कवदर ङ्कसह सुक्खू ने कहा कि वह जी-20 सम्मेलन में राष्ट्रपति की तरफ से देश-विदेश के अतिथियों के लिए दिए गए रात्रि भोज में इसलिए शामिल हुए, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विशेष पैकेज पर चर्चा हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ थे, तो उस समय बातचीत करके हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और विशेष पैकेज देने की मांग की। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भगवान उनको सद्बुद्धि दे, तथा सत्ता पक्ष की तरफ से लाए गए संकल्प पर साथ दे। उन्होंने कहा कि यह समय की मांग है कि हिमाचल प्रदेश को विशेष वित्तीय मदद मिले।

# कुल्लू में तीन मंजिला मकान राख

**कुल्लू। कुल्लू - मनाली** लेफ्ट बैंक मार्ग पर स्थित काइस के समीपवर्ती गांव में आग लगने से तीन मंजिला मकान राख के ढेर में तबदील हो गया, साथ ही इस अग्निकांड में परिवार के तीन सदस्य भी झुलस गए हैं। आग की घटना मंगलवार सुबह काइस के गांव सौर में उस दौरान हुई जब घर की रसोई में परिवार के तीन सदस्य मौजूद थे। इस दौरान गैस सिलेंडर को बदला जाने लगा लेकिन वहां जल रहे तंदूर के कारण रसोई में अचानक आग भड़क उठी। जब तक कि परिवार के लोग संभलते उस समय तक आग बुरी तरह फैल गई। आग की लपटें देखते ही ग्रामीण मौका पर इक्ट्ठा हो गए और सूचना मिलते ही अग्निशमन दल भी मौका पर पहुंच गया।

# ब्लू स्टार ने अंडर-14 बेडमिंटन चैंपियनशिप ओवरऑल ट्रॉफी की अपने नाम

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**प्रदेश के** प्रतिष्ठित व अग्रणी ब्लू स्टार सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बेडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। अंशुल शर्मा, अक्षोभ शर्मा व पुष्प राना ने बहुत ही बेहतरीन खेल का प्रर्दशन कियाद्य प्रधानाचार्या डॉक्टर सुमन लता जी ने इन बच्चों का विद्यालय आगमन पर पुष्पमालाएं पहना कर हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने बच्चों को भविष्य में भी कड़ी परिश्रम व





लगन करते हुए अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों द्वारा प्राप्त की गई इस उपलब्धि के लिए उन्होंने बच्चों के अभिभावकों व अध्यापकों को भी बधाई दी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य प्रोफेसर विकास दीक्षित भी मौजूद रहे उन्होंने इन छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# 25 सितम्बर को शिमला में होगा विधानसभा का घेराव

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**हिमाचल प्रदेश** में कानून व्यवस्था महंगाई, भाई भतीजाबाद और सरकारी संस्थानों को बंद करने की विरोध में अब 25 सितंबर को प्रदेश भाजपा के द्वारा विधानसभा का गिराव किया जाएगा। तो वही इस दौरान कांग्रेस सरकार से 10 गारंटी को लेकर भी सवाल पूछे जाएंगे। हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी अमित सूद ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही अब भाई भतीजा वाद को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। तो वहीं महिलाओं की सुरक्षा भी आज खतरे में पड़ गई है। बीते दिनों ही मुख्यमंत्री के गृह जिला में



एक महिला के बाल काटे गए और उसका मुंह काला किया गया। ऐसे में पता चलता है कि कांग्रेस के राज में महिलाओं का क्या सम्मान है। इसके अलावा सरकार के द्वारा जो जनता के बीच अपनी 10 गारंटियों दी गई थी। उसके बारे में भी विधानसभा घेराव के दौरान कांग्रेस सरकार से सवाल किए जाएंगे।

अमित सूद ने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश में अपने 10 महीने पूरे कर चुकी है। लेकिन तब से लेकर अब तक वह 1000 से अधिक सरकारी संस्थान बंद कर चुकी है और इसका जवाब आज तक वह जनता को नहीं दे पाए कि आखिर किन कारणों के चलते यह संस्थान बंद करने पड़े हैं। वहीं पूर्व की भाजपा सरकार ने डीजल पर 7 रुपए की कटौती की थी ताकि हजारों लोगों को इसका लाभ मिल सके। लेकिन कांग्रेस ने सत्ता में आते ही इसे बढ़ा दिया। वही जुलाई माह से लेकर अब तक आपदा प्रबंधन में भी कांग्रेस की सरकार पूरी तरह से फेल हुई है। क्योंकि सरकार जहां प्रभावित परिवारों को 1 लाख रुपए राहत देने की बात कर रहे कह रही है। जबकि धरातल पर सच्चाई कुछ और है। धरातल पर को लोगों को 10 से 20 हजार रुपए की नाम मात्र राहत दी गई और अब उनसे तिरपाल भी वापस मांगे जा रहे हैं। इन सभी मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी और भाजपा विधायक दल 25 सितंबर को विधानसभा के बाहर एक प्रदर्शन करने जा रहे हैं। जिसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न इलाकों से हजारों भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस सरकार के प्रति अपना रोष व्यक्त करेंगे।

